1. भारत में उच्च जन्म दर हेतु जिम्मेवार सामाजिक आर्थिक कारकों में से हम किन्हें शामिल कर सकते हैं ?

(i) अधिक गरीबी

(ii) गरीबी अभिभावकों के बच्चों की उच्च मृत्यु दर,

(iii) अल्प आयु विवाह की मौजूदगी

(iv) विषम लिंग अनुपात

(a) (i) और (ii) (b) (i), (ii) और (iv)

(c) (i), (iii) और (iv) (d) (i), (ii) और (iii)

2. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में उत्तर दीजिए–

| सूची-I ( गतिविधि ) | | सूची-II ( तिथि ) |
|---|---|---|
| (a) विश्व पर्यावरण दिवस | 1. | 11 जुलाई |
| (b) विश्व वन्य जीव दिवस | 2. | 5 जून |
| (c) विश्व जल दिवस | 3. | 3 मार्च |
| (d) विश्व जनसंख्या दिवस | 4. | 22 मार्च |

सही उत्तर नीचे लिखे कूट से दीजिए–

| कूट : | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

3. कोज् प्रमेय (Coase theoram) यह सुझाता है कि निजी समझौते से बाजार असफलता उस समय कम हो जाती है जब–

(i) केवल कुछ लोग इसमें शामिल होते हैं

(ii) सम्पत्ति के अधिकार की सही पहचान हो जाती है

(iii) समझौता लागत कम होती है

(iv) लोगों के पास असममित सूचना होती है

नीचे दिए गए कूटों में सही उत्तर का चयन कीजिए–

कूट :

(a) (i), (ii) और (iii) को आवश्यक रूप से सत्य माना जाए

(b) (i) और (iv) को आवश्यक रूप से सत्य माना जाए

(c) (i), (ii) और (iv) को आवश्यक रूप से सत्य माना जाए

(d) (iv) और (iii) को आवश्यक रूप से सत्य माना जाए

4. संरचना उपकर किस पर एक प्रशुल्क/कर है ?

(a) बिल्डर (b) रेल

(c) मोटरगाड़ियाँ (d) सार्वजनिक परिवहन

5. SLR को इस प्रकार परिभाषित किया गया है–

(a) $SLR = \frac{ER + I - CB}{L}$

(b) $SLR = \frac{ER + IS - CB}{L}$

(c) $SLR = \frac{ER + IS - CAB}{L}$

(d) $SLR = \frac{L + CB - ER}{L}$

जहाँ ER = रिजर्व ( आरक्षित ) आधिक्य; IS = सरकारी और अन्य मान्यता प्राप्त प्रतिभूतियों में निवेश, CAB = चालू खाता शेष, L = कुल माँग और सावधि जमा, CB = चालू शेष, I = निवेश, SLR = वैधानिक तरलता अनुपात

6. निम्न में से किस उपाय का परिणाम यह निकलता है कि अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति में बढ़ोतरी होती है ?

I. केन्द्रीय बैंक द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों की लोगों से खरीदारी

II. लोगों द्वारा वाणिज्यिक बैंकों में मुद्रा को जमा करना

III. सरकार द्वारा केन्द्रीय बैंक से उधार लेना

IV. केन्द्रीय सरकार द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों को लोगों को बेचना

कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए–

कूट :

(a) केवल I (b) II और IV

(c) I और III (d) II, III और IV

7. वे बैंक जो स्वयं सहायता समूहों (Self Help Groups) से सम्बन्धित लघु वित्तीय कार्यक्रमों को क्रियान्वित कर रहे हैं, वे हैं–

(a) केवल वाणिज्यिक बैंक और को-ऑपरेटिव बैंक

(b) केवल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और वाणिज्यिक बैंक

(c) केवल को-ऑपरेटिव बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

(d) वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और को-ऑपरेटिव बैंक

8. निम्नलिखित में से किसे आमतौर पर मुद्रा आपूर्ति का सकल मौद्रिक माप कहा जाता है ?

(a) $M_4$ (b) $M_1$

(c) $M_2$ (d) $M_3$

9. निम्नलिखित में से किसके माध्यम से व्यापारी मुद्रा उच्चावचन ह्रास के जोखिम को कम करते हैं ?
(a) सट्टेबाजी (b) विवाचन
(c) हैजिंग (Hedging) (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

10. निम्नलिखित में से कौन उर्जित पटेल की मौद्रिक नीति सम्बन्धी सिफारिश सही है ?
I. राजकोषीय घाटे को सीमित करना
II. स्फीति आधारक को 4 प्रतिशत पर रखना
III. मुद्रा एवं पूँजी बाजार में पर्याप्त तरलता की व्यवस्था
IV. भारतीय रुपयों के विनिमय मूल्य को अपरिवर्तित रखना

नीचे लिखे कूट से उत्तर दीजीये–
कूट :
(a) I, II व III (b) II व IV
(c) III व IV (d) I, II व IV

11. अभिकथन (a) : मुद्रावादी, फिलिप्स वक्र विश्लेषण से असहमत थे
तर्क (R) : प्रतिशत बेरोजगारी (unemployment) दर के साथ प्रतिशत मुद्रा स्फीति दर को कोई अद्वितीय तदनुरूप मान नहीं है
नीचे दिए गए कूट से उत्तर दीजिए–
कूट :
(a) (a) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (a) का सही स्पष्टीकरण है
(b) (a) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (a) का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(c) (a) सत्य है और (R) गलत है
(d) (a) गलत है और (R) सत्य है

12. निम्नलिखित में से किस अर्थशास्त्री ने मुद्रा हेतु लेन-देन का माँग को प्रभावित करने के लिए ब्याज दर का करण माना है ?
(a) पी. सैम्युअलसन (b) डब्ल्यू.जे. बॉमल
(c) कंनस (d) आई.फिशर

13. निम्नलिखित में से किसकी समस्या का समाधान करने के लिए 'सिम्पलेक्स' प्रणाली का प्रयोग किया जाता है?
(a) रैखिक प्रोग्रामन
(b) लागत उत्पादन विश्लेषण
(c) प्रतिगमन (Regression)
(d) सहसम्बन्ध (Correlation)

14. उपभोक्ता की बचत का सही सूत्र है–
(a) कुल उपयोगिता – कीमत × खरीदी गई इकाइयों की संख्या ।
(b) कुल उपयोगिता – सीमांत उपयोगिताओं का योगफल
(c) सीमांत उपयोगिताओं का योगफल (कीमत × खरीदी गई इकाइयों की संख्या)
(d) इनमें से कोई नहीं

15. सीमांत उपयोगिता, जो एक उपभोक्ता प्राप्त करता है, वह वस्तु से, वह है–
(a) उसकी कुल उपयोगिता में परिवर्तन, जो एक वस्तु के उसके ढेर में एक इकाई को योग के परिणामस्वरूप होता है ।
(b) एक विशेष वस्तु से प्राप्त उपयोगिता
(c) एक वस्तु के मूल्य में एक परिवर्तन के कारण प्राप्त उपयोगिता में परिवर्तन
(d) जब वह एक वस्तु की अतिरिक्त इकाइयाँ खरीदता है तो उसकी कुल उपयोगिता में आया परिवर्तन

16. अधिकांश उपभोक्ता के लिए दूध और चाय स्थानापन्न वस्तुएँ हैं। इसलिए दूध के मूल्य में वृद्धि से हमें आशा करनी चाहिए कि यह होगा–
(a) चाय के आपूर्ति वक्र में दाहिनी ओर का खिसकाव
(b) चाय के आपूर्ति वक्र में बाईं ओर का खिसकाव
(c) चाय के मूल्य में एक गिरावट
(d) चाय के माँग-वक्र में एक ऊपर की ओर खिसकाव

17. एक उपभोक्ता की बजट रेखा का एक निरपेक्ष मानचित्र पर एक समानांतर स्थिति से दाहिनी ओर जाना दर्शाता है कि–
(a) पण्य का मूलय गिरा है ।
(b) एक पण्य के लिए उपभोक्ता की पसंद में परिवर्तन आया है ।
(c) उपभोक्ता की आय में वृद्धि हुई है ।
(d) कराधान दर में वृद्धि हुई है ।

18. खाली स्थान भरिये, यदि MU सीमांत उपयोगिता है–

$$\sum_{1}^{n} MU = ?$$

(a) AU (b) MC
(c) TU (d) इनमें से कोई नहीं ।

19. औसत आय (AR), सीमान्त आय (MR) तथा मांग की मूल्य लोच (e) में क्या संबंध है?
(a) $\frac{AR}{MR} = \frac{e-1}{e}$ (b) $MR = AR\left[\frac{e-1}{e}\right]$
(c) $MR = AR\left[\frac{e}{e-1}\right]$ (d) $AR = MR\left[\frac{e-1}{e}\right]$

20. यदि मांग की मूल्य लोच इकाई से अधिक हो तो सीमांत आय होगी
(a) धनात्मक (b) ऋणात्मक
(c) (a) अथवा (b) (d) शून्य

21. पूर्ण प्रतियोगिता में कौन-सा वक्र फर्म का अल्पकालीन पूर्ति वक्र होता है?
(a) अल्पकालीन सीमांत लागत (SMC)
(b) अल्पकालीन औसत लागत (SAC)
(c) अल्पकालीन औसत परिवर्तनशील लागत (SAVC)
(d) इनमें से कोई नहीं

22. एकाधिकार का संतुलन किस दशा में संभव है?
(a) जब सीमान्त लागत बढ़ रही हो
(b) जब सीमान्त लागत स्थिर हो
(c) जब सीमान्त लागत घट रही हो
(d) उपरोक्त सभी

23. औसत विक्रय लागत वक्र की आकृति होती है
(a) U-आकार (b) V-आकार
(c) सरल रेखीय (d) समकोणीय अतिपरवलय

24. औसत उत्पादन लागत वक्र (APC) और औसत विक्रय लागत वक्र (ASC) को किस प्रकार जोड़ कर हम कुल औसत लागत वक्र (AC) प्राप्त करते हैं?
(a) क्षैतिज रूप में
(b) लम्बात्मक रूप में
(c) उपरोक्त में से किसी भी प्रकार
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

25. चैम्बरलिन के अनुसार अधिक क्षमता तब उत्पन्न होती है जब
(a) फर्मों का स्वतंत्र प्रवेश होता है
(b) कीमत प्रतियोगिता होती है
(c) कीमत प्रतियोगिता नहीं होती है
(d) (a) और (b) दोनों

26. केन्द्रीय बैंक के द्वारा परिभाषित मुद्रा की पूर्ति के अंतर्गत वृहद मुद्रा (Broad Money) है–
(a) $M_1$ (b) $M_2$
(c) $M_3$ (d) $M_4$

27. किसी वाणिज्यिक बैंक की ऋण देय क्षमता निर्भर करती है–
(a) रखी हुई सरकारी प्रतिभूतियों पर
(b) नकद स्थिति पर
(c) अतिरिक्त नकदी रिजर्व पर
(d) बकाया आय तथा निवेश पर

28. वर्त्तमान भारत में मुद्रा से तात्पर्य है–
(a) सिक्के (b) सिक्के व कागजी मुद्रा
(c) माँग जमाएँ (d) इनमें से सभी

29. मुद्रा का कार्य है–
(a) विनिमय का माध्यम (b) मूल्य मापन
(c) मूल्य संचय (d) उपर्युक्त सभी

30. मुद्रा परिचलन को कम किया जाता है इसके द्वारा–
(a) वित्त मंत्रालय (b) भारतीय रिजर्व बैंक
(c) वित्त आयोग (d) योजना आयोग

31. मुद्रा के विभिन्न रूपों ($M_1$, $M_2$, $M_3$ व $M_4$) को उनकी तरलता के घटते क्रम में व्यवस्थित कीजिए?
(a) $M_1$, $M_2$, $M_3$, $M_4$ (b) $M_2$, $M_1$, $M_3$, $M_4$
(c) $M_4$, $M_3$, $M_2$, $M_1$ (d) $M_4$, $M_1$, $M_2$, $M_3$

32. मुद्रा के $M_3$ प्रकार में निम्न में से क्या शामिल है?
(a) $M_1$ और वाणिज्य बैंकों की समयावधि जमाएं
(b) $M_1$ और डाक कार्यालय बचत जमाएं
(c) $M_1$ और सरकारी बैंकों की समयावधि जमाएं
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

33. मुद्रा के $M_3$ प्रकार में सभी वाणिज्य व सहकारी बैंकों की समयावधि जमाओं (अन्तर्बैंक समयावधि जमाओं को छोड़कर) के साथ और क्या सम्मिलित होता है?
(a) $M_1$
(b) $M_2$
(c) (a) और (b) दोनों
(d) डाक कार्यालय बचत जमाएं

34. मुद्रा के $M_4$ रूप में डाक कार्यालय बचत संगठन के पास कुल जमाएं (राष्ट्रीय बचत पत्रों को छोड़कर) और क्या शामिल होता है?
(a) केवल $M_1$ (b) $M_2$ व $M_3$
(c) केवल $M_3$ (d) $M_1$, $M_2$ व $M_3$

35. भारत के अतिरिक्त अन्य देशों में प्राथमिक अनुपात किसे कहा जाता है?
(a) वैधानिक रिजर्व अनुपात (b) आवश्यक रिजर्व अनुपात
(c) अतिरिक्त रिजर्व (d) कानूनी तरलता अनुपात

36. निम्नलिखित में से कौन-सा एक आय की असमानताओं को नहीं मापता है–
(a) लॉरेंज वक्र
(b) प्रति व्यक्ति आय
(c) गिनी गुणांक
(d) विभिन्न आय वर्गों में जनसंख्या का प्रतिशत

37. जब श्रम की सीमांत उत्पादिकता व्यापक रेंज में शून्य या ऋणात्मक होती है तो वह स्थिति होती है–
(a) संरचनात्मक बेरोजगारी (b) चक्रीय बेरोजगारी
(c) अनैच्छिक बेरोजगारी (d) प्रच्छन्न बेरोजगारी

38. निम्न में से कौन-सी आय की असमानता की माप नहीं करता?
(a) कुजनेट्स वक्र
(b) लारेंज वक्र
(c) गिनी गुणांक
(d) विभिन्न आय वर्गों में जनसंख्या का प्रतिशत

39. विपन्नता सूचकांक प्रदर्शित करता है–
(a) स्फीति की दर तथा बेरोजगारी की दर के गुणनफल को।
(b) अत्यधिक गरीबों तथा गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले गरीबों के समानुपात को।
(c) स्फीति की दर तथा बेरोजगारी की दर के योग को।
(d) (a) तथा (b) दोनों को

40. ग्रामीण नवयुवकों के स्वरोजगार हेतु कार्यक्रम है :
(a) RLEGP (b) NREP
(c) TRYSEM (d) SFDA

41. निम्नलिखित का अवलोकन कीजिए :
(1) ऋण देना
(2) तकनीकी सहायता
(3) प्रशिक्षण
(4) अन्तर्राष्ट्रीय समस्याओं का हल
उपरोक्त में से कौन-से कार्य विश्व बैंक द्वारा सम्पादित किये जाते हैं?
(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 2 और 4
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

42. विश्व बैंक निम्नलिखित में से किस उद्देश्य से ऋण देता है?
(a) विकास
(b) पुनर्निर्माण
(c) भुगतान संतुलन ठीक करने हेतु
(d) (a) और (b) दोनों

43. सारणी –I ( विश्व बैं से संबद्ध संस्था ) का सारणी – II ( स्थापना वर्ष ) से मिलान कीजिए तथा दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चुनाव कीजिए।

| सारणी - I | सारणी - II |
|---|---|
| a. अन्तर्राष्ट्रीय विकास परिषद | 1. 1956 |
| b. अन्तर्राष्ट्रीय वित्त निगम | 2. 1988 |
| c. बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी | 3. 1960 |

| | a | b | c |
|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 1 | 2 |

44. विश्व बैंक से संबद्ध कौन-सी संस्था को 'सुलभ ऋण खिड़की' भी कहा जाता है?
(a) अन्तर्राष्ट्रीय वित्त निगम (b) अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ
(c) एशियाई विकास बैंक (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

45. निम्नलिखित का अवलोकन कीजिए :
(1) प्राथमिक वस्तुओं में व्यापार
(2) विकास वित्त
(3) प्रौद्योगिकी स्थानांतरण
उपरोक्त में से कौन-सा अंकटाड (UNCTAD) का उद्देश्य है?
(a) केवल 2 (b) केवल 3
(c) 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

46. 1919 में भारतीय मुद्रा प्रणाली की जाँच करने के लिए नियुक्त की गई समिति का नाम है
(a) हिल्टन यंग कमीशन (b) बैबिंगटन स्मिथ समिति
(c) हर्शेल समिति (d) फाउलर समिति

47. मुद्रास्फीति बढ़ने से लाभ होता है
(a) ऋणी को (b) निगम को
(c) ऋणदाता को (d) सरकार को

48. किसी कम्पनी के स्वामित्व सम्बन्धी अधिकार की इकाई क्या है ?
(a) साझेदारी (b) शेयर
(c) ऋणपत्र (d) अधिमानी शेयर

49. कम्पनी ( संशोधन ) अधिनियम, 1988 के अनुसार सभी पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों के लेखा वर्ष की अवधि क्या है ?
(a) 1 अप्रैल से 31 मार्च (b) 1 मार्च से 28 फरवरी
(c) 1 अगस्त से 31 जुलाई (d) 1 जनवरी से 31 दिसम्बर

50. शेयर बाजार में उस व्यक्ति को क्या कहा जाता है, जो भविष्य में शेयर कीमतों में वृद्धि होने का अनुमान करता है और इसे देखते हुए भविष्य में बेचकर लाभ कमाने के उद्देश्य से शेयर की खरीदारी करता है ?
(a) मूल्यपाती (Bear) (b) स्टोरिया (Bull)
(c) उपरोक्त दोनों (d) उपरोक्त कोई नहीं

51. गोंडवाना (Gondwana) ______ संरचना वाले कोयला के विशाल भण्डार हैं-
(a) पश्चिम बंगाल एवं उड़ीसा में
(b) झारखण्ड एवं छत्तीसगढ़ में
(c) आन्ध्र प्रदेश एवं महाराष्ट्र में
(d) उपरोक्त सभी

52. लघु उद्योग क्षेत्र को अब पूर्ण रूप से ______ कर दिया गया है।
(a) समाप्त
(b) नियंत्रित
(c) अर्द्धनियंत्रित
(d) विनियन्त्रित (Deregulated)

53. भारत में शुद्ध विदेशी मुद्रा उपार्जन में सर्वाधिक योगदान किस उद्योग का है?
(a) मसाला उद्योग (b) कपड़ा उद्योग
(c) समुद्री खाद्यों (d) रत्न एवं आभूषण

54. भारत में बारहवीं पंचवर्षीय योजना का शुभ आरम्भ कब हुआ?
(a) अप्रैल 01, 2012 (b) अप्रैल 01, 2010
(c) अप्रैल 01, 2011 (d) अप्रैल 01, 2009

55. सामान्यतया 1 लाख रुपये से अधिक की धन राशि को खाताधारक द्वारा स्वयं इंटरनेट के माध्यम से ______ से किसी भी खाता धारक के किसी भी बैंक के खाते में त्वरित रूप से भेजा जा सकता है।
(a) रीयल टाइम ग्रोस सैटिलमेंट (RTGS) प्रणाली
(b) नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फण्ड ट्रांसफर (NEFT) प्रणाली
(c) इलेक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सिस्टम (ECS) प्रणाली
(d) उपरोक्त में कोई नहीं

56. निम्नलिखित में कौन अल्पविकसित देशों की आर्थिक विशेषता है ?
(a) जनसंख्या में तीव्र वृद्धि (b) महंगे रीति-रिवाज
(c) अशिक्षा (d) पूँजी की न्यूनता

57. ''भारत एक धनी देश है, जहाँ निर्धन निवास करते हैं,'' क्योंकि –
(a) यहाँ जनसंख्या अधिक है।
(b) यहाँ प्राकृतिक साधन अधिक हैं।
(c) यहाँ प्राकृतिक साधनों की प्रचुर मात्रा है किन्तु उनका समुचित उपयोग नहीं किया गया है।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

58. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए :
आपूर्ति की ओर से 'बिग पुश सिद्धांत' के पक्ष में तर्क जुड़ा हुआ रहता है–
(i) बाजार के छोटे आकार के कल्पित अस्तित्व के साथ
(ii) बाह्यताओं के कल्पित अस्तित्व के साथ
(iii) अभिभाज्यताओं के कल्पित अस्तित्व के साथ
(iv) जनसंख्या की ऊँची वृद्धि के कल्पित अस्तित्व के साथ इन वक्तव्यो में से :
(a) (i) और (ii) सही हैं
(b) (i), (ii) और (iv) सही हैं
(c) (i), (iii) और (iv) सही हैं
(d) (ii) और (iii) सही हैं

59. जनसंख्या संक्रमण सिद्धांत के अनुसार जनसंख्या की वृद्धि दर समस्या उत्पन्न नहीं करती है–
(a) प्रथम व द्वितीय अवस्थाओं में
(b) प्रथम व तृतीय अवस्थाओं में।
(c) द्वितीय व तृतीय अवस्थाओं में।
(d) केवल प्रथम अवस्था में

60. निम्नलिखित में से कौन-सा, जैकब वाइनर के अनुसार, विकास का एक सूचक हैं ?
(a) समग्र बचत (b) समग्र निवेश
(c) राष्ट्रीय आय (d) प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय

61. निम्नलिखित में से किस कम्पनी को महारत्न का दर्जा प्राप्त नहीं है?
(a) भारत पेट्रोलियम कॉपरेशन लि.
(b) भारतीय तेल निगम
(c) ओएनजीसी
(d) कोल इंडिया लि.

62. भारत में किस प्रकार के रसायनिक उर्वरकों की खपत सर्वाधिक है?
(a) नाइट्रोजनी (b) फॉसफेटिक
(c) पोटैशिक (d) उपरोक्त कोई नहीं

63. भारत में पहली स्वर्ण रिफायनरी कहाँ स्थापित की गई थी?
(a) नई दिल्ली (b) कोलकाता
(c) शिरपुर (महाराष्ट्र) (d) हैदराबाद

64. निम्नलिखित में से किस प्रदेश को 'भारत का सिलीकॉन राज्य' (Silicon State of India) कहा जाता है?
(a) गोवा (b) आन्ध्र प्रदेश
(c) कर्नाटक (d) केरल

65. भारत में सकल घरेलू बचतों में सर्वाधिक योगदान किसका है?
(a) घरेलू क्षेत्र (b) सरकारी क्षेत्र
(c) सार्वजनिक क्षेत्र (d) निजी निगम क्षेत्र

66. खुले बाजार की क्रियाओं से अभिप्राय है
(a) प्रतिभूतियों का खुले बाजार में क्रय-विक्रय
(b) खुले बाजार में किसी भी प्रकार के बिलों का क्रय-विक्रय
(c) खुले बाजार में किसी भी प्रकार के बिलों व प्रतिभूतियों का क्रय-विक्रय
(d) उपरोक्त सभी

67. करारोपण के उद्देश्य के सन्दर्भ में निम्न में से कौन-सा असत्य है?
(a) राष्ट्रीय आय में वृद्धि करना
(b) धन का समान वितरण करना
(c) मूल्य वृद्धि पर नियन्त्रण करना
(d) रोजगार प्रदान करना

68. स्वर्ण में विनिमय दर का निर्धारण किया जाता था।
(a) टकसाली समता सिद्धान्त
(b) क्रय-शक्ति समता सिद्धान्त
(c) (a) और (b) दोनों
(d) इनमें से कोई नहीं

69. संरक्षण की नीति के अन्तर्गत
(a) विदेशों से आने वाले माल पर कानूनी रुकावट लगा दी जाती है
(b) आयात कर लगा दिए जाते हैं
(c) कुछ उद्योगों को संरक्षण प्रदान किया जाता है
(d) उपरोक्त सभी

70. ऐसा कौन-सा गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम चलाया गया था, जिसमें बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका है
(a) आई आर डी पी
(b) न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम
(c) रोजगार बीमा योजना
(d) जवाहर रोजगार योजना

71. शिक्षा, दूरसंचार तथा यातायात पर किया गया व्यय कहलाता है
(a) परिवर्ती व्यय (b) अपरिवर्ती व्यय
(c) प्रशासनिक व्यय (d) सामाजिक व्यय

72. कोई वर्ग ज्ञात करने का सूत्र है

(a) $\sum \frac{(f - f_1)^2}{f_1}$ (b) $\frac{(O - E)^2}{E}$

(c) (a) और (b) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

73. इकोनॉमिक्स के लेखक हैं

(a) मार्शल (b) किण्डल बर्जर

(c) क्राउस (d) बेन्हम

74. WTO का प्रथम मन्त्रिस्तरीय सम्मेलन कहाँ आयोजित हुआ ?

(a) मुम्बई (b) श्रीलंका

(c) सिंगापुर (d) लंदन

75. साधन की पूर्ति निम्न पर निर्भर रहती है

(a) माँग पर (b) मौद्रिक आय पर

(c) अवसर लागत पर (d) ये सभी

# उत्तर (Answers)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 2. | (d) | 3. | (a) | 4. | (c) | 5. | (c) |
| 6. | (c) | 7. | (d) | 8. | (d) | 9. | (c) | 10. | (a) |
| 11. | (a) | 12. | (b) | 13. | (a) | 14. | (c) | 15. | (d) |
| 16. | (d) | 17. | (c) | 18. | (c) | 19. | (b) | 20. | (a) |
| 21. | (a) | 22. | (d) | 23. | (a) | 24. | (b) | 25. | (d) |
| 26. | (c) | 27. | (b) | 28. | (a) | 29. | (d) | 30. | (b) |
| 31. | (a) | 32. | (c) | 33. | (d) | 34. | (c) | 35. | (b) |
| 36. | (a) | 37. | (d) | 38. | (a) | 39. | (b) | 40. | (c) |
| 41. | (d) | 42. | (d) | 43. | (d) | 44. | (b) | 45. | (d) |
| 46. | (b) | 47. | (c) | 48. | (b) | 49. | (a) | 50. | (b) |
| 51. | (d) | 52. | (d) | 53. | (b) | 54. | (a) | 55. | (a) |
| 56. | (d) | 57. | (c) | 58. | (d) | 59. | (b) | 60. | (d) |
| 61. | (a) | 62. | (a) | 63. | (c) | 64. | (c) | 65. | (a) |
| 66. | (d) | 67. | (a) | 68. | (c) | 69. | (a) | 70. | (c) |
| 71. | (d) | 72. | (a) | 73. | (a) | 74. | (a) | 75. | (c) |